सरकार ने बढ़ाया चीनी उत्पादन का अनुमान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मौजूदा विपणन वर्ष में कुल चीनी उत्पादन का अनुमान बढ़ा कर 2.504 करोड़ टन कर दिया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा ज्यादा है। हालांकि यह राज्य सरकारों द्वारा जताए गए 2.55 करोड़ टन अनुमान से थोड़ा कम है। देश में विपणन वर्ष 2013-14 में 2.455 करोड़ टन चीनी का उत्पादन हुआ था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ी चीनी उत्पादक है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि चीनी का उत्पादन 2014-15 विपणन वर्ष में 2.504 करोड़ टन रहने की अनुमान है। यह 2.45 करोड़ टन अनुमानित घरेलू जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। कृषि मंत्रालय द्वारा गन्ना उत्पादन को लेकर जारी किए गए पहले अग्रिम अनुमान और राज्य सरकारों के गन्ना आयोग के साथ विचार विमर्श के बाद चीनी उत्पादन का अनुमान जारी किया गया है। एजेंसी

Amar Ujala
31/10/14